एक नजर



दौड़कर 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर निकले मोनू मेटुरबाला का इंदौर में भव्य स्वागत

इंदौर। बिहार के अररिया जिले के 19 वर्षीय युवा मोनू मेटुरबाला इन दिनों अपनी अनूठी धार्मिक यात्रा को लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बने हुए हैं। दौड़ते हुए 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पूरी करने के संकल्प के साथ निकले मोनू के इंदौर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री सुरेंद्र पाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर मोनू मेटुरबाला का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनकी कठिन और प्रेर ादायक यात्रा को देखते हुए उन्हें नए जूते भी भेंट किए गए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके साहस, आस्था और संकल्प की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री सुरेंद्र पाल ने कहा कि मोनू मेटुरबाला की यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि युवाओं के लिए दृढ़ संकल्प, अनुशासन और आस्था का प्रेर ादायक संदेश है। हम भगवान श्री महाकाल से प्रार्थना करते हैं कि मोनू भाई की 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा सकुशल और सफलतापूर्वक पू ि हो तथा उन्हें सदैव अपना आशीर्वाद प्रदान करें। मोनू मेटुरबाला की इस अनोखी पदयात्रा को लेकर देशभर में लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर भी उनकी यात्रा तेजी से वायरल हो रही है और हजारों लोग उनके जज्बे एवं भक्ति की सराहना कर रहे हैं।

बदमाशों का आतंक तड़के दो वारदातें

हथियारबंद बदमाशों ने गोडाउन में लूट की, फ्लैट से 3.50 लाख रुपए उड़ाए

इंदौर,(नप्र)। मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे बदमाशों ने दो अलग-अलग इलाकों में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दिया। खनूजा ग्राउंड के पास हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने गोडाउन के ताले तोड़कर नकदी लूट ली।

वहीं, खातीवाला टैंक स्थित नया पैलेस की बहुमंजिला इमारत में बंद फ्लैट का ताला तोड़कर करीब 3.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



हथियारबंद बदमाशों ने गोडाउन का ताला तोड़कर की लूट

पहली वारदात खनूजा ग्राउंड के पास स्थित एक मकान और गोडाउन की है। मकान मालिक के किराएदार राहुल बजाज के गोडाउन को बदमाशों ने निशाना बनाया।

मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे एक बाइक पर सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने गोडाउन के ताले तोड़े और अंदर रखी नकदी लूटकर फरार हो गए।

बदमाशों के पास हथियार भी थे। मकान में लगे चार सीसीटीवी कैमरों में वारदात कैद हो गई। फुटेज में तीनों बदमाश बाइक से आते, हथियारों के साथ अंदर घुसते और वारदात को अंजाम देकर निकलते दिखाई दे रहे हैं।

खातीवाला टैंक में बंद फ्लैट से 3.50 लाख रुपए चोरी

दूसरी वारदात खातीवाला टैंक स्थित नया पैलेस बहुमंजिला इमारत में हुई। यहां रहने वाली सुशीला रत्नाने के बंद फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाशों ने करीब 3 लाख 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। सुशीला सोमवार रात पास में रहने वाली अपनी बेटी के घर गई थीं। मंगलवार सुबह लौटने पर उन्हें मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा था और उसमें रखी नकदी गायब थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



पुलिस जनसुनवाई में आई 100 शिकायतें

पुलिस कमिश्नर ने सुनी हर पीड़ित की बात

इंदौर,(नप्र)। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुन त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

आज की जनसुनवाई में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से पति-पत्नी या बेटा-बहू द्वारा परेशान करने संबंधी आपसी पारिवारिक विवाद, रिश्तेदार/पड़ौसियों से आपसी मतभेद, स्कूल में एडमिशन व डॉक्टर से ईलाज संबंधी विवाद, लोन के नाम पर धोखाधड़ी करने संबंधित, आपसी में पैसों के लेन-देन, फाइनेंशियल फ्रॉड, सुनवाई न होने की शिकायतें, प्लॉट/मकान, जमीन संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं अन्य पुलिस संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

पुलिस कमिश्नर द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्याओं एवं व्यथा को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समक्ष में एवं फोन के द्वारा भी त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही आमजन को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा, न्याय और अधिकारों के संरक्षण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

जनसुनवाई के दौरान अति पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री मयंक अवस्थी सहित सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया तथा मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। इसके अतिरिक्त, पुलिस द्वारा मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से भी काउंसलिंग कर, आपसी एवं पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे मामलों का शांतिपूर्ण एवं शीघ्र निराकरण संभव हो सके।

एमडी ड्रग्स के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

इंदौर। थाना हीरानगर पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रम ा एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आईएसबीटी, एमआर-10 इंदौर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने तत्परता एवं सूझबूझ से घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया। संदेही की विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा पंचों के समक्ष नियमानुसार 11.03 ग्राम एमडी ड्रग्स मादक पदार्थ को जप्त किया गया, आरोपी के विरुद्ध थाना हीरानगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, उसके स्रोत एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी का विवर ः रोहित उर्फ चिकना फुलेरिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी माताजी मंदिर के पास, भागीरथपुरा, थाना बा ागंगा, जिला इंदौर। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड : आरोपी आदतन शातिर बदमाश है जिसके विरुद्ध इंदौर के विभिन्न पुलिस थानों में चोरी, लूट, मारपीट, धमकी, अवैध हथियार, एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में कुल 31 आपराधिक प्रकर ा पूर्व से पंजीबद्ध होना पाए गए हैं।

इंदौर का ऐतिहासिक सेंट्रल म्यूजियम अब नए रूप में तैयार होगा

इंदौर। इंदौर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए सेंट्रल म्यूजियम में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। 12.75 करोड़ रुपए खर्च कर म्यूजियम का कायाकल्प किया जाएगा। आधुनिकीकर ा और सौंदर्यीकर ा के काम के चलते 26 अक्टूबर से इसे बंद कर दिया गया है। 31 मार्च तक यहां आम लोगों की आवाजाही नहीं होगी। ऐसे में म्यूजियम के बंद रहने के दौरान होने वाले काम और इसके नए स्वरूप को लेकर शहरवासियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसका लक्ष्य सिंहस्थ 2028 से पहले संग्रहालय को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर पर्यटक अनुभव के साथ तैयार करना है। बताया गया है की संग्रहालय में चल रहे आधुनिकीकर ा और सौंदर्याकर ा कार्यों को गति देने के लिए इसे 26 अक्टूबर 2026 से लगभग 157 दिनों के लिए पर्यटकों हेतु बंद किया गया है। परियोजना पर 12.75 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। निर्धारित योजना के अनुसार, संग्रहालय के 31 मार्च 2027 तक दोबारा खुलने की संभावना है। बताया गया है की ऐतिहासिक सेंट्रल म्यूजियम अब नए रूप में तैयार करने का काम प्रारंभ हो गया है। यहां पर लिफ्ट, कैफेटेरिया, रैंप, आधुनिक, गैलरी, इंटरप्रिटेशन सेंटर, डिजिटल डिस्प्ले, ऑडिटोरियम और बेहतर सुरक्षा सुविधाएं विकसित की जा रही है। विरासत को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना अच्छी पहल है। अब देखना होगा कि तय समयसीमा में काम पूरा होकर शहर को इसका लाभ कब मिलता है।



मादक पदार्थ की तस्करी में तीसरा साथी भी पकड़ाया

इंदौर,(नप्र)। क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत सघन धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच टीम द्वारा डीआरपी लाईन अस्पताल के सामने, शांतिपथ रोड पर घेराबंदी कर आरोपी फैजान पठान उर्फ बारीक को 52.71 ग्राम अवैध एम.डी. ड्रग्स सहित गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

प्रकरण की विवेचना (फॉरवर्ड ट्रेसिंग) एवं पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से ड्रग्स के नेटवर्क के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई थी। विवेचना के दौरान उक्त मादक पदार्थ की तस्करी के नेटवर्क में आजाद नगर निवासी सह-आरोपी मोहम्मद अरबाज उर्फ छोटू की संलिप्तता पाई गई। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से त्वरित पतारसी करते हुए आरोपी मोहम्मद अरबाज को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी मोहम्मद अरबाज से मादक पदार्थों की मूल सप्लाई चेन, अन्य खरीदारों एवं नेटवर्क से जुड़े साथियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

मालवा निमाड़ में इस वित्तीय वर्ष में 1990 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

इंदौर,(नप्र)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासन के निदेर्शों के अनुरूप गुणवत्ता से बिजली वितरण किया जा रहा है। जारी वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान एक अप्रैल से अब तक 1990 करोड़ यूनिट बिजली वितरित की जा चुकी हैं। यह गत वर्ष समान अवधि से 14.30 प्रतिशत ज्यादा है, गत वर्ष समान अवधि में पश्चिम मप्र में इस दौरान 1740 करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ था। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जारी रबी सीजन में कई बार कंपनी स्तर पर सात हजार मैगावाट से ज्यादा बिजली वितरण किया है। वर्तमान में दैनिक खपत करीब साढ़े बारह करोड़ यूनिट हैं। श्री सिंह ने बताया कि मालवा निमाड़ में करीब चौदह लाख किसानों को सिंचाई के लिए बिजली वितरण होता हैं, रबी सीजन में सिंचाई कार्य के कारण बिजली की मांग अधिक बनी हुई है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान में इंदौर जिले में दैनिक बिजली खपत 2.30 करोड़ यूनिट , धार जिले में दैनिक खपत 1.90 करोड़ यूनिट, उज्जैन जिले में दैनिक खपत 1.58 करोड़ यूनिट, देवास जिले में दैनिक खपत 1.25 करोड़ यूनिट, रतलाम जिले में दैनिक बिजली खपत करीब एक करोड़ यूनिट दर्ज हो रही है।

दिलजीत दोसांझ का शो रोकने के लिए महापौर को धमकी

महापौर ने दोनों मेल पुलिस को फारवर्ड किए

इंदौर,(नप्र)। मशहूर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के आगामी कॉन्सर्ट से पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। बीते 15 दिनों में महापौर को दो ई-मेल भेजे गए हैं। इनमें इंदौर में दिलजीत दोसांझ का शो नहीं होने देने की धमकी दी गई है।

महापौर ने दोनों ई-मेल इंदौर पुलिस को फॉरवर्ड कर दिए हैं। उनका कहना है कि पुलिस इस तरह की धमकियों से निपटने में सक्षम है और शहर में देशभक्त लोगों के कार्यक्रम होते रहेंगे।



इंग्लिश में आए मेल, खालिस्तानी नाम का उल्लेख

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दोनों ई-मेल इंग्लिश में आए हैं। इनमें खालिस्तानी सहित एक अन्य नाम का उल्लेख है। ई-मेल आने के कारण को लेकर उन्होंने कहा कि संभवतः नगर निगम, मेयर हाउस और मेयर ऑफिस से कार्यक्रमों की अनुमति दिए जाने की व्यवस्था को देखते हुए ये मेल भेजे गए हैं।

महापौर ने कहा कि दिलजीत दोसांझ का कार्यक्रम रोकने के लिए धमकी भरे ई-मेल आए हैं। ये मेल उनके व्यक्तिगत ई-मेल पर भेजे गए थे, जिन्हें उन्होंने पुलिस को फॉरवर्ड कर दिया है।

महापौर बोले- इंदौर पुलिस सक्षम, शो पहले भी हो चुका है

महापौर ने कहा कि इंदौर पुलिस और अन्य पुलिस एजेंसियां इस तरह की धमकियों से निपटने में सक्षम हैं। शहर में अच्छे और देशभक्त लोगों के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। दिलजीत दोसांझ का शो पहले भी इंदौर में हो चुका है और आगामी कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की धमकियों से शहर में होने वाले कार्यक्रमों पर कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

महापौर के मुताबिक, दोनों ई-मेल लगभग एक जैसे हैं और 15 दिनों के भीतर आए हैं। पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है।

यूट्यूब पर देखकर जांघ पर लगाया इंजेक्शन, चली गई जान

इंदौर,(नप्र)। यूट्यूब पर वीडियो देखकर दर्द निवारक दवा का गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने से नेपाली युवक की ओवरडोज से मौत हो गई। एमजीएम मेडिकल कॉलेज की डॉ. प्रज्ञा सिसोदिया के इस केस पर आधारित शोधपत्र को राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पहला स्थान मिला। विजय नगर क्षेत्र में अगस्त 2025 में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां इंटरनेट पर उपलब्ध भ्रामक जानकारी का गलत इस्तेमाल एक नेपाली युवक की जान जाने का कार ा बन गया। युवक ने यूट्यूब पर वीडियो देखने के बाद दर्द निवारक दवा का असामान्य और खतरनाक तरीके से इस्तेमाल किया। उसने टैबलेट को चम्मच में गर्म करके सिरिंज के जरिए अपनी जांघ की फेरोमल आर्टरी में इंजेक्शन लगाया। दवा की अत्यधिक मात्रा (ओवरडोज) के शरीर में जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संवेदनशील मामले पर तैयार फॉरेंसिक और वैज्ञानिक विश्लेष ा पर आधारित शोधपत्र को अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड
CIN: L55209MP2018PLC076125
रजिस्टर्ड ऑफिस: H-1, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.)-452010
फ़ोन: 0731-4006666, ईमेल: cs@shilindore.com, वेबसाइट: www.shilindore.com

पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना

सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और 110; कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियम 20 और 22 (इनमें हुए किसी भी संशोधन सहित); भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") का विनियम 44; कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र (General Circulars) - 8 अप्रैल 2020 का संख्या 14/2020, 13 अप्रैल 2020 का संख्या 17/2020, 15 जून 2020 का संख्या 22/2020, 28 सितंबर 2020 का संख्या 33/2020, 31 दिसंबर 2020 का संख्या 39/2020, 5 मई 2022 का संख्या 3/2022, 28 दिसंबर 2022 का संख्या 11/2022, 25 सितंबर 2023 का संख्या 09/2023, 19 सितंबर 2024 का संख्या 9/2024 और 22 सितंबर 2025 का संख्या 3/2025; इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड्स-2; तथा अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों से नीचे बताए गए कार्यों के लिए 'साधारण प्रस्ताव' (Ordinary Resolution) के माध्यम से मंजूरी मांगी जा रही है। यह प्रक्रिया 'पोस्टल बैलेट' और 'रिमोट ई-वोटिंग' ("पोस्टल बैलेट/ई-वोटिंग") के जरिए पूरी की जाएगी।

क्र.	कार्य - सूची	प्रस्ताव
1.	कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव नॉन-इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के रूप में श्री अज़हर यूसुफ धनानी (DIN: 07694732) की नियुक्ति।	साधारण प्रस्ताव

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

1. कंपनी ने मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को उन सदस्यों को केवल ईमेल के माध्यम से 'पोस्टल बैलेट नोटिस' भेज दिया है, जिनके ईमेल पते कट-ऑफ तारीख यानी शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 तक कंपनी या डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत थे। इसके अलावा, ऊपर बताए गए सर्कुलर के अनुसार, सदस्यों को 'पोस्टल बैलेट नोटिस' की फिजिकल कॉपी, 'पोस्टल बैलेट फॉर्म' और पहले से भुगतान किया गया 'बिजनेस रिप्लाई लिफाफा' नहीं भेजा गया है। इसलिए, सदस्यों को अपनी सहमति या असहमति केवल 'रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम' के माध्यम से ही देनी होगी। कंपनी ने 'रिमोट ई-वोटिंग' की सुविधा देने के लिए 'सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड' (CDSL) की सेवाएं ली हैं।
2. उपर्युक्त नोटिस और उसके साथ स्पष्टीकरण विवरण, कंपनी की वेबसाइट **(www.shilindore.com)**, उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, यानी BSE लिमिटेड **(www.bseindia.com)** और ई-वोटिंग एजेंसी CDSL की वेबसाइट **(www.cdslindia.com)** पर उपलब्ध हैं। जिन सदस्यों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिए, उपर्युक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध 'पोस्टल बैलेट नोटिस' के 'नोट्स' में बताई गई प्रक्रिया का पालन करें।
3. रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से वोट डालने के लिए सदस्यों की पात्रता तय करने की कट-ऑफ तारीख शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 थी। कट-ऑफ तारीख को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में, या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए बेनिफिशियल ओनर्स (लाभार्थी मालिकों) के रजिस्टर में जिन सदस्यों के नाम शामिल हैं, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के हकदार होंगे।
4. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 6 नवंबर 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) शुरू होगी और सोमवार, 7 दिसंबर 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी। इसके बाद CDSL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डाल देता है, तो उसे बाद में अपना वोट बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश 'पोस्टल बैलेट नोटिस' के 'नोट्स' (Notes) में दिए गए हैं।
5. कंपनी ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी **श्री अभिषेक शुक्ला** को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।
6. यदि कोई प्रश्न हो, तो सदस्य **www.cdslindia.com** के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध "शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)" और "शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल" देख सकते हैं। इसके अलावा, आप **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।
7. ई-वोटिंग के परिणाम और स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट, ई-वोटिंग समाप्त होने के दो कार्य-दिवसों के भीतर BSE लिमिटेड (जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं) को सूचित कर दी जाएगी। साथ ही, इन्हें कंपनी की वेबसाइट **www.shilindore.com**, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.bseindia.com** और ई-वोटिंग एजेंसी CDSL की वेबसाइट **www.cdslindia.com** पर भी अपलोड किया जाएगा।

सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड के लिए
Sd/-
प्रखर भटोरे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

दिनांक: **4 नवंबर, 2026**
स्थान: **इंदौर**

Public Notice

Notice is hereby given that in the Partnership Firm M/S. Atul Polychem Registered office at E - 5 Ratlam Kothi, Amit Apartment, 2nd Floor, Indore M.P. 452001 and Registration No is 2179/70-71 Dated 04/03/1971, which was constitut - ed vide Partnership deed.

In this Partnership firm subsequently following changes have occurred on 07/10/2026, firm's Registered office address has been changed from E-5, Ratlam Kothi, Indore M.P. 452001 To Khasra No. 58/1/K, Village Raokhedi, Post Mangliya, Tehsil Sanwer, Distt. Indore M.P. 453771.

Now firm's new address is Khasra No. 58/1/K, Village Raokhedi, Post Mangliya, Tehsil Sanwer, Distt. Indore M.P. 453771.

M/s. Atul Polychem
Shri Ajay Ramesh Patel
Partner

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDLP12082625387/ दिनांक/30/OCT/2026

क्र./2158 दिनांक: 28/OCT/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स इन्द्रभुषण पिता/पति रामगोपाल डोलिया, निर्मलादेवी पिता/पति इन्द्रभुषण डोलिया, विवेक डोलिया पिता/पति शिव कुमार डोलिया द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:

(क) **परियोजना का नाम** : MULTI DWELLING UNITS

(ख) **अवस्थिति** (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक): पूर्व स्वीकृत ग्राम बिचोली हप्सी, तहसील मिचोली हप्सी व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 2/3/2/1 (S), 2/3/2/2 (S), 4/2/1 (S), 4/2/2 (S), 5/1/1/1 (S), 5/1/1/2 (S), 5/1/3/1 (S) कुल रकबा 0.505 हैक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, MULTI DWELLING UNITS विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) **विकास का प्रयोजन** : RESIDENTIAL, MULTI DWELLING UNITS

(घ) **स्वीकृति क्रमांक** : INDLP18032520944 दिनांक 2025-08-17

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा **https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=zF4Tth8NBb2158** पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website **https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx** पर किया जा सकता है।

प्र.क्र. / 720447, नग्रानि / इन्दौर
दिनांक : 30/OCT/2026

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश, जिला इन्दौर (म.प्र.)

11 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 26 खाद्य नमूने लिए



इंदौर,(नप्र)। दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 26 खाद्य नमूने संग्रहित किए। अभियान के दौरान 11 प्रतिष्ठानों की जाँच की गई तथा दो प्रतिष्ठानों पर नापतोल विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई।

कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान छोटा बांगड़दा स्थित मुस्कान डेयरी से पनीर, ट्रेडिशनल स्वीट्स एवं घी के तीन नमूने तथा स्कीम नंबर 51 स्थित स्नेहल डेयरी से पनीर एवं घी के दो नमूने लिए गए। राधास्वामी नगर, चितावद रोड स्थित राममोहन दूध दही भंडार से दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। एसडीए कंपाउंड, मूसाखेड़ी स्थित श्री बसंत इंटरप्राइजेज का प्राप्त शिकायत के आधार पर निरीक्षण कर कीर्ति गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। साउथ तुकोगंज स्थित श्रीवारी फूड वेंचर्स से उड़द दाल का नमूना संग्रहित किया गया। पगनिशपागा स्थित एस.एस. ट्रेडिंग फर्म से पराग वनस्पति, माधव गोल्ड किचिन रिफाइंड तेल, रामदेव शिवाय वनस्पति एवं दिव्य अमृत लाइट फैट कुकिंग मीडियम के चार नमूने लिए गए। वहीं, खातीवाला टैंक स्थित पूजा नमकीन भंडार से मूंगफली तेल, बेसन एवं सोनपापड़ी के तीन नमूने संग्रहित किए गए। तेजाजी नगर स्थित नवशक्ति दूध डेयरी एंड स्वीट्स में भंडारित मावा एवं पनीर का मैजिक बॉक्स एवं टेस्ट किट से प्रारंभिक परीक्षण किया गया।